# पंजाब ने सीजन में दूसरा मैच गंवाया, गुजराज जीता



04 विकेट लेकर जैसन होल्डर ने धीमी की पंजाब की रफ़्तार



सूर्यांश शेडगे के अर्धशतक ने संभाला मोर्चा



### गुजरात की लगातार तीसरी जीत

**अहमदाबाद, 3 मई.** गुजरात टाइटंस ने IPL में रविवार के दूसरे मैच में टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है। उसने लगातार तीसरे मैच में जीत हासिल की है, जबकि पंजाब ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। इस हार के बावजूद पंजाब टेबल के टॉप पर है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। गुजरात ने 164 रन का टारगेट 19.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। वॉशिंगटन सुंदर ने मार्कस स्टोयनिस की बॉल पर छक्का मारकर जीत दिलाई। मैच का स्कोरबोर्ड

### साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाई, बटलर के साथ साझेदारी की

रन चेज में गुजरात ने 16 रन के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल (5 रन) का विकेट गंवा दिया था। उन्हें अर्शदीप सिंह ने कैच कराया। यहां से साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने जोस बटलर के साथ मिलकर स्कोर 69 रन तक पहुंचाया। फिर निशांत सिंधु के साथ मिलकर टीम को 100 पार पहुंचा दिया। जब सुदर्शन आउट हुए तब तक टीम 124 के स्कोर तक पहुंच चुकी थी। बाकी का काम वॉशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया ने पूरा कर दिया।

### शेडगे की फिफ्टी बेकार

पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बॉल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बॉल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए।

### पंजाब की बल्लेबाजी रही संघर्षपूर्ण

आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में पंजाब ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाए और गुजरात के सामने 164 रन का लक्ष्य रखा. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही, लेकिन सूर्यांश शेडगे के शानदार अर्धशतक ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी गुजरात की टीम ने शुरुआत से ही दबाव बना दिया. तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्य को आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया. इसके बाद उन्होंने कूपर कोनोली को भी पवेलियन भेज दिया, जिससे पंजाब की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी. पावरप्ले के दौरान ही पंजाब के विकेट लगातार गिरते रहे. प्रभसिमरन सिंह 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और 19 रन बनाकर चलते बने. नेहल वढेरा खाता खोले बिना ही आउट हो गए. 47 रन के स्कोर पर पंजाब की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी, जिससे टीम गहरे संकट में नजर आ रही थी.  ऐसे मुश्किल समय में सूर्यांश शेडगे ने मोर्चा संभाला. उन्होंने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 29 गेंदों में 57 रन की तेज पारी खेली. उनकी इस पारी में शानदार चौके-छक्के शामिल रहे

## अंशुल ने पर्पल कैप तालिका में भुवनेश्वर की बराबरी की

**चेन्नई 03 मई. चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को खेले गये मुकाबले में तीन विकेट झटक कर भुवनेश्वर कुमार के पर्पल कैप तालिका में 17 विकेटों की बराबरी कर ली है.**

चेन्नई सुपर किंगस ने पिछला मैच 26 अप्रैल को खेला था, जिसमें कम्बोज इस सीजन में पहली बार बिना विकेट के रहे थे, लेकिन कल मुम्बई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट लेकर उन्होंने जबरदस्त वापसी की और 17 विकेट तक पहुंच गए. वह भुवनेश्वर के साथ बराबरी पर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट (7.54 बनाम 8.49) के कारण पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के पास है.

उनके पीछे शीर्ष पांच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा आर्चर और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिंगा 15-15 विकेट के साथ हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा 14 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर हैं. इस चरण तक छह अन्य गेंदबाजो के भी 10 या उससे विकेट हो चुके हैं. वहीं ऑरेंज कैप तालिका की बात की जाये तो कल खेले गये मुकाबले में संजू सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा और उन्होंने केवल 11 रन बनाए, लेकिन वह सीएसके और मुम्बई के बल्लेबाजो में अब भी सबसे आगे, नौवें स्थान पर हैं. उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के इशान किशन को पीछे छोड़ा.

### एक नजर में

## सुनील आईपीएल के 200 विकेट क्लब में शामिल

**हैदराबाद.** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर सुनील नारायण रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट क्लब में शामिल हो गए



हैं. वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए लंबे समय से खेल रहे नारायण किसी एक फ्रेंचाइजी के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं. वह 200 विकेट क्लब में शामिल होने वाले पहले विदेशी गेंदबाज भी हैं. उन्होंने आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केकेआर के मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें उन्होंने 2/31 के आंकड़े दिए, जिससे एसआरएच 165 रन पर सिमट गई. 2012 में पदार्पण करने के बाद से नारायण अपने कंट्रोल, इकॉनमी और हर फेज में ब्रेकथ्रू दिलाने की क्षमता के कारण केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा रहे हैं. पिछले कुछ सालों में नारायण ने फ्रैंचाइज के साथ एक शानदार रिकॉर्ड बनाया है, और 2012, 2014 और 2024 में केकेआर को खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई है. उन्हें 2012 और 2018 में 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' का पुरस्कार मिला था जो कि टीम पर उनके प्रभाव को दिखाता है.

## ग्वालियर की बेटी अनुष्का ने फिर रचा इतिहास



**ग्वालियर.** राधा यादव और यास्तिका भाटिया की वापसी के साथ भारत ने महिला टी20 विश्व कप 2026 और उससे पहले इंग्लैंड दौरे के लिए मजबूत टीमों की घोषणा की है. महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा का चयन टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में किया गया है. चयन समिति की बैठक में यह फाइनल किया गया, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, मुख्य कोच अमोल मजूमदार, चयन समिति की अध्यक्ष अमिता शर्मा और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया शामिल थे.हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, क्रांति गौड़, राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी, अरुंधति रेड्डी, अनुष्का शर्मा, दीप्ति शर्मा लॉर्ड्स टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) के लिए भारत की टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़, सायली सतघरे, स्नेह राणा.



## रायपुर आईपीएल के जोश के लिए तैयार

**रायपुर.** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस महीने रायपुर में आईपीएल का जश्न मनाने के लिए तैयार है. टीम मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो जबरदस्त मुकाबले खेलेगी, जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रेमियों के बीच भारी उत्साह है. ये बहुप्रतीक्षित मुकाबले 10 मई और 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होंगे. उम्मीद है कि ये मुकाबले राज्य की राजधानी को आईपीएल का एक बड़ा केंद्र बना देंगे, क्योंकि प्रशंसक लीग के कुछ सबसे बड़े सितारों और सबसे लोकप्रिय टीमों को मैदान पर खेलते देखने के लिए तैयार हैं. आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले के टिकट शनिवार को बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए, जबकि आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के टिकट रविवार को आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे. चूंकि आरसीबी मौजूदा आईपीएल चैंपियन के तौर पर इन मुकाबलों में उतर रही है, इसलिए मैचों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है, खासकर उन प्रशंसकों में जो मध्य भारत में बेहतरीन टी20 क्रिकेट का अनुभव लेना चाहते हैं.



## रघुवंशी-रहाणे की तूफानी साझेदारी से केकेआर जीता

**हैदराबाद, 03 मई 2026 आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा.**

हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 165 रन बनाए, लेकिन केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी और कप्तान अजिंक्य रहाणे की शानदार साझेदारी के दम पर 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर मैच अपने नाम किया. केकेआर की ओर से लक्ष्य का पीछा करने उतरे फिन एलेन ने 29 रन बनाए, लेकिन टीम को पहला झटका जल्दी ही लग गया. इसके बाद कप्तान रहाणे और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे टीम का स्कोर मजबूत हुआ. रहाणे 36 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए. हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस, शिवांग कुमार और साकिब हुसैन ने एक-एक विकेट लिया.

> रघुवंशी ने इसके बाद 47 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए. इन दोनों की साझेदारी ने केकेआर को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला और अंत में रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन ने टीम को जीत दिलाई. रिंकू 11 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ग्रीन ने तीन रन बनाकर नाबाद लौटे.



## मार्टा कोस्त्युक ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब

**मैड्रिड.** यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने मीरा आंद्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपना पहला खिताब जीता. दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी ने अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, और स्पेन की राजधानी में जीतने वाली शीर्ष 20 से बाहर की केवल दूसरी खिलाड़ी बन गईं.

## राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू

### 03 मई से 10 तक चलेगा टूर्नामेंट

**ग्रेटर नोएडा, 03 मई व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 की आधिकारिक शुरुआत शनिवार को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई.**



जैकी श्रॉफ ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

यह आयोजन सहनशक्ति, प्रतिभा और समावेशी खेलों के एक प्रेरणादायक उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है. यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, जो 3 मई से 10 मई, 2026 तक चलेगा, इसमें देश भर की शीर्ष टीमें एक रोमांचक 'सुपर 5' ग्रैंड फ़ाइनल फ़ॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो भारत में व्हीलचेयर क्रिकेट के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करेगा.

प्रसिद्ध अभिनेता जैकी श्रॉफ ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप का उद्घाटन किया. खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प से गहरे तौर पर प्रभावित होकर, उन्होंने एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया: 'मेरा सभी के लिए संदेश है कि ज़िंदगी में बिंदास रहो. ये खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहे हैं. मैंने इन खिलाड़ियों को देखा और उनके जुनून को देखकर मैं अभिभूत हूँ.''

## लक्ष्मी मित्तल ने आरआर फ्रेंचाइजी को 15,660 करोड़ में खरीदा

**नयी दिल्ली, 03 मई यूके में रहने वाले भारतीय मूल के स्टील कारोबारी लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है. उन्होंने बताया कि जयपुर फ्रेंचाइजी - जो इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआती आठ टीमों में से एक है - को खरीदने के लिए एक पक्का समझौता हो गया है.**



सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के आदर पूनावाला और मौजूदा मुख्य मालिक मनोज बदाले उस कंसोर्टियम का हिस्सा हैं, जिसने इस फ्रेंचाइजी को 1.65 अरब डॉलर (मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से 15,660 करोड़ रुपये) में खरीदा है. यह घोषणा इसलिए चौंकाने वाली है, क्योंकि इससे पहले यूएस स्थित कल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को - जिसमें रॉब वाल्टन और हैम्प परिवार साझेदार थे. इस फ्रेंचाइजी का नया मालिक घोषित किया गया था. यह वही फ्रेंचाइजी है जिसने 2008 में आईपीएल के पहले सीज़न में खिताब जीता था.

## भारत ने जीता कांस्य पदक

**होरसेंस (डेनमार्क), 03 मई भारतीय पुरुष टीम होरसेंस, डेनमार्क में आयोजित थॉमस एंड उबेर कप 2026 से कांस्य पदक लेकर लौटेगी, क्योंकि शुक्रवार को सेमीफाइनल में उन्हें फ्रांस के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा.**

2022 के चैंपियन, जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे को चौंकाते हुए हराया था, को सेमीफाइनल मुकाबले से पहले एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि उनके शीर्ष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण बाहर बैठना पड़ा. इसके बाद पहली बार खेल रहे आयुष शेट्टी को पहला एकल मुकाबला खेलना पड़ा और 2025 [illegible] वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता



क्रिस्टो पोपोव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के अनुभव की कमी का फायदा उठाते हुए 21-11, 21-9 से जीत दर्ज की और भारतीयों को बैकफुट पर धकेल दिया.

### आईपीएल का टक्कर मुकाबला

### लखनऊ सुपर जायंट्स सात दिन के ब्रेक के बाद मैदान में उतर रही है

# मुंबई-लखनऊ भिड़ंत, अंतिम स्थान से बचने की जंग

**मुंबई, 3 मई 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 के मौजूदा सीजन में अब मुकाबला सिर्फ जीत-हार तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि तालिका में अंतिम स्थान से बचने की जंग भी तेज हो गई है.**

इसी कड़ी में सोमवार रात मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में दो संघर्षरत टीमें आमने-सामने होंगी— मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स. दोनों ही टीमें इस समय चार-चार अंकों के साथ अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं, जहां मुंबई नौवें और लखनऊ दसवें स्थान पर मौजूद है. यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए न केवल




प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने का मौका है, बल्कि आखिरी स्थान से बचने की लड़ाई भी है.

लखनऊ सुपर जायंट्स सात दिन के ब्रेक के बाद मैदान में उतर रही है. टीम को उम्मीद है कि यह ब्रेक कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली दिल तोड़ने वाली सुपर ओवर हार से उबरने में मदद करेगा. उस मैच में मोहसिन खान की शानदार गेंदबाजी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था, जहां उन्होंने 5 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया था. हालांकि, अंतिम क्षणों में मैच उनके हाथ से फिसल गया. अब टीम का मनोबल फिर से मजबूत करने की जिम्मेदारी कप्तान ऋषभ पंत पर है, जो अपनी टीम को टूर्नामेंट में वापसी दिलाने के लिए प्रयासरत हैं.

लखनऊ की स्थिति फिलहाल कठिन जरूर है, लेकिन टीम प्रबंधन का मानना है कि अभी भी छह मैच बाकी हैं और वे वापसी कर सकते हैं. टीम को उम्मीद है कि नए खिलाड़ी और संभावित बदलाव उनके प्रदर्शन को नई दिशा देंगे. जोश इंगलिस जैसे खिलाड़ियों की उपलब्धता भी टीम के लिए एक बड़ा प्लस पॉइंट मानी जा रही है.

> वानखेड़े स्टेडियम की पिच हमेशा से बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रही है, जहां तेज रन और हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिलते हैं. दूसरी पारी में ओस का असर भी अहम भूमिका निभा सकता है, जिससे टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है. हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की बात करें तो लखनऊ सुपर जायंट्स का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है. दोनों टीमों के बीच अब तक हुए आठ मुकाबलों में लखनऊ ने छह में जीत दर्ज की है, जबकि मुंबई केवल दो मैच जीत पाई है. हालांकि वानखेड़े में मुंबई का रिकॉर्ड हमेशा मजबूत रहा है और घरेलू मैदान पर वह किसी भी टीम को चुनौती देने में सक्षम है.